# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), सिद्धार्थनगर।

पत्रांक 574 / W-18 / 327 दिनांक 18/06/2026

## प्रेस विज्ञप्ति/स्पष्टीकरण

विषयः— **ग्राम पंचायत मैनिहवा, गौरडीह और धोबहा (जनपद सिद्धार्थनगर) में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल योजना के अपूर्ण कार्य को पूर्ण दिखाए जाने संबंधी भ्रामक खबर का स्पष्टीकरण।**

संदर्भ—**दैनिक भास्कर/सोशल मीडिया पर प्रकाशित समाचार दिनांक—18.06.2026**

जनपद सिद्धार्थनगर के विकास खंड खुनियांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत मैनिहवा, गौरडीह और धोबहा में जल जीवन मिशन योजना के तहत चल रहे कार्यों के संबंध में सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों में यह भ्रामक खबर प्रसारित की जा रही है कि पेयजल योजना के अपूर्ण कार्य को आधिकारिक रूप से पूर्ण दिखा दिया गया है।

इस भ्रामक और तथ्यहीन समाचार के संबंध में जल निगम (ग्रामीण)/जल जीवन मिशन, जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा स्थिति को स्पष्ट किया जाता है—

**कार्य अभी निर्माणाधीन है—** ग्राम पंचायत धोबहा, मैनिहवा और गौरडीह में पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था "मेसर्स मेघा इंजीनियरिंग" द्वारा किया जा रहा है। यह कार्य वर्तमान में प्रगति पर है और निर्माणाधीन (Under Construction) है। विभाग द्वारा इसे आधिकारिक रूप से पूर्ण घोषित नहीं किया गया है। अतः अपूर्ण कार्य को पूर्ण दिखाए जाने का दावा पूर्णतः असत्य है।

पूर्व में कार्यदायी संस्था द्वारा ग्राम पंचायत मैनिहवा और गौरडीह में आंशिक जलापूर्ति (Trial/Partial Run) संचालित कर दी गई थी और ग्रामीणों को पानी मिल रहा था। परंतु हाल ही में कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा योजना स्थल पर स्थापित सोलर पैनल और अन्य उपकरणों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जिसके कारण वर्तमान में इन ग्राम पंचायतों में जलापूर्ति बाधित हो गई है।

संदर्भित पाइप पेयजल योजना के अंतर्गत क्षतिग्रस्त उपकरणों की तत्काल मरम्मत कर बाधित जलापूर्ति को पुनः सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कार्यदायी संस्था को कड़े निर्देश दे दिए गए हैं। जल्द ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। साथ ही, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले अज्ञात तत्वों के विरुद्ध भी नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।


अतः आम जनमानस और मीडिया बंधुओं से अनुरोध है कि तथ्यों की वास्तविकता को समझें और भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें। जल जीवन मिशन हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

भवदीय

18/06/26

(संजय जायसवाल)
अधिशासी अभियंता

Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner